# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा/4001
दिनांकः 22.06.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्र,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषय :- उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या 1200/सत्तर–3–2021–08(20)/2020, दिनांक 08.06.2021 के अनुपालन में वैश्विक महामारी कोविड–19 के दृष्टिगत शैक्षिक सत्र 2020–21 की वार्षिक एवं सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत संचालित परीक्षाओं के आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश।

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषयक अवगत कराना है कि दिनांक 02.07.2021 से प्रारम्भ हो रही विश्वविद्यालय की उपरोक्त सन्दर्भित समस्त परीक्षाओं को आयोजित कराये जाने के सम्बन्ध में वैश्विक महामारी कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये महाविद्यालय/परीक्षा केन्द्रों पर निम्नलिखित दिशा–निर्देशों का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित करें :-

1. परीक्षा के दौरान कोविड–19 के बचाव के समस्त प्रोटोकाल एवं सोशल डिस्टेन्सिंग का पालन किया जाना सुनिश्चित करें।
2. परीक्षा कक्ष में छात्रों के बैठने की व्यवस्था इस प्रकार से की जाये कि सोशल डिस्टेन्सिंग का कड़ाई से पालन हो। कक्ष समुचित वैन्टिलेटिड हों तथा खिड़कियों एवं रोशनदानों को खोलकर परीक्षा सम्पन्न करायी जाये।
3. परीक्षा के पहले एवं बाद में सैनेटाइजेशन की अनिवार्य व्यवस्था, फेस मास्क एवं थर्मल स्कैनिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये।
4. कोविड–19 को दृष्टिगत रखते हुये महाविद्यालय के प्राध्यापकों, स्टॉफ एवं छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर वैक्सीनेशन हेतु प्रेरित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

22/06/21

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक, प्रति कुलपति को मा0 प्रति कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. वैयक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।

सहा0 कुलसचिव (परीक्षा)